LATEST NEWS

# Election

## Date : 19th Dec. 2025

# Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

पंजाब केसरी
FRI,19 DECEMBER 2025
EDITION: JAIPUR, PAGE NO. 1

# एसआईआर को लेकर आने लगे दावे और आपत्तियां

■ दो दिन में 46 दावे, 2 आपत्तियां, 28307 युवाओं ने मतदाता के लिए किया पंजीकरण

जयपुर, 18 दिसंबर (विसं): एसआई आर प्रोग्राम के तहत पुनरीक्षण कार्य के पहले चरण के बाद प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद दावे-आपत्तियों का दौर शुरू हो गया है। दो दिन में आयोग के पास 46 दावे व 2 आपत्तियां पहुंची हैं। वहीं 28307 युवाओं ने मतदाता बनने हेतु पंजीकरण हेतु आवेदन किया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि यह सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है, साथ ही राजस्थान के सभी 41 जिला निर्वाचन अधिकारी 199 विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्गठन उपरांत बने 61136 बूथों की प्रारूप मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी साझा की जा चुकी है। महाजन ने बताया कि जिन निर्वाचकों के नाम 16 दिसंबर की प्रारूप सूची में नहीं है, उनकी सूची सभी दलों को जांच की सुगमता के लिये दे दी है। सभी दलों द्वारा नामित 1 लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट्स भी इस एसआईआर में हिस्सा ले रहे हैं। 28307 युवाओं ने फार्म-6 एवं घोषणा पत्र भर कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया हैं। नव मतदाता पंजीकरण के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम उपलब्ध हैं। मतदाता पंजीकरण से संबंधित किसी भी जानकारी या सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

## वोटर्स बनने का मौका

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी योग्य मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले भारतीय नागरिक, जो संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सामान्य निवासी हों तथा किसी अन्य स्थान की मतदाता सूची में पंजीकृत न हों, वे नव मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वे युवा नागरिक जो 1 अप्रैल, 1 जुलाई अथवा 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले है, वे भी फॉर्म-6 के माध्यम से अग्रिम आवेदन कर सकते हैं।

दैनिक भास्कर

जयपुर 19-12-2025

## SIR से वोटर की भाग व क्रम संख्या बदली, ऐसे करें पता

# 24 घंटे में 46 दावे, 2 आपत्तियां, 28307 युवाओं ने किया आवेदन

भास्कर न्यूज़ | जयपुर

राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर 2026) के पहले चरण (गणना चरण) के समापन के बाद सभी राजनैतिक दलों ने मिलकर 17 दिसंबर (3 PM) से 18 दिसंबर (3 PM) तक मतदाताओं के नाम जोड़ने और अयोग्य मतदाताओं का नाम हटाने के लिए 46 दावे और 2 आपत्तियां दर्ज की हैं। इसके अलावा 28307 युवाओं ने फार्म -6 एवं घोषणा पत्र भर कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया हैं। गौरतलब है कि सभी राजनैतिक दलों द्वारा नामित 1 लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट्स भी एसआईआर में हिस्सा ले रहे हैं। उधर सीईओ नवीन महाजन ने नए और भावी मतदाताओं से रजिस्ट्रेशन की अपील भी जारी की है।

### गणना प्रपत्र में अलग-अलग सूचना

प्रदेश में मतदान केंद्रों की संख्या 52469 थी जो अब पुनर्गठन के बाद 61404 हो गई है। मतदान केंद्रों के पुनर्गठन के बाद एसआईआर की प्रारूप मतदाता सूची में सभी मतदाताओं की भाग संख्या और क्रम संख्या बदल गई हैं और ये गणना प्रपत्र में उल्लेखित भाग और क्रम संख्याओं से मेल नहीं खाती हैं। नवीनतम भाग संख्या और क्रम संख्या जानने के लिए मतदाता अब अपने एपिक नंबर का उपयोग करते हुए ECINET एप या Voter Service Portal पर अपने विवरण देख सकते हैं।

### वोटर बनने के लिए अग्रिम आवेदन मान्य

1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले भारतीय नागरिक, जो संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सामान्य निवासी हों तथा किसी अन्य स्थान की मतदाता सूची में पंजीकृत न हों, ऐसे नए वोटर पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वे युवा नागरिक जो 1 अप्रैल, 1 जुलाई अथवा 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हैं, वे भी फॉर्म-6 के माध्यम से अग्रिम आवेदन कर कर सकते हैं।

### मोबाइल से लॉगिन कर आवेदन करें

आवेदक ECINET App डाउनलोड कर मोबाइल नंबर एवं ओटीपी के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। इसके पश्चात Voter Services सेक्शन में जाकर Voter Registration विकल्प के अंतर्गत फॉर्म-6 एवं घोषणा-पत्र (Annexure-IV) भर सकते हैं। इसके अलावा, Voters Portal (https://voters.eci.gov.in ) पर जाकर मोबाइल नंबर से साइनअप कर New Voter Registration टैब के माध्यम से फॉर्म-6 एवं घोषणा-पत्र भरा जा सकता है। आवेदक अपने क्षेत्र के बीएलओ से फॉर्म-6 एवं घोषणा-पत्र प्राप्त कर उसे भरकर जमा कर सकते हैं। यह फॉर्म https://election.rajasthan.gov.in/से भी डाउनलोड किया जा सकता है। मतदाता पंजीकरण से संबंधित किसी भी जानकारी या सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

**एसआइआर :** बड़े जिलों में सबसे ज्यादा नाम कटे, सीमावर्ती जिलों में कम

# शुद्धीकरण या साइलेंट स्ट्राइक

# 5 जिलों के 10% वोटर बाहर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** एसआइआर में मतदाताओं के नाम पर सबसे अधिक कैंची जोधपुर और जयपुर सहित पांच जिलों में चली, जहां अलग-अलग कारणों से 10 फीसदी से अधिक मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। इसके विपरीत बाड़मेर-जैसलमेर सहित चार जिले ऐसे हैं, जहां पांच फीसदी से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।

जिन जिलों में सबसे अधिक नाम कटे हैं, उनमें जोधपुर-जयपुर जैसे बड़े जिले हैं। उधर, जिलों में नाम कटने का अनुपात कम रहा, उनमें दूरदराज के बाड़मेर-जैसलमेर जिले हैं तो जयपुर और अलवर जिलों से अलग होकर बना कोटपूतली-बहरोड़ जिला भी शामिल है। निर्वाचन विभाग के अनुसार मतदाताओं के जिंदा नहीं होने, स्थायी रूप से अन्यत्र पलायन कर जाने या एसआइआर के दौरान तीन बार बूथ लेवल अधिकारी को घर पर नहीं मिलने या मतदाता का दो जगह नाम होने जैसे कारणों से मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, जिसे निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों का शुद्धीकरण का नाम दिया है।



### सवाल ?

*1. अन्यत्र बस जाने का प्रमाण क्या है?*

*2. कैसे माना गया कि बीएलओ तीन बार घर गया?*

### अब भी विकल्प है

**जिन** मतदाताओं का नाम गलती से नाम कट गया है वे अपने दावे-आपत्तियां पेश कर सकते हैं।

### ऐसे बनें सजग मतदाता

**मतदाता** अपने क्षेत्र की सूचियां चेक कर अपना नाम सुनिश्चित कर लें।

### 10 जिलों में 7 से 8% नाम कटे

**सवाईमाधोपुर,** प्रतापगढ़, टोंक, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, बूंदी, बारां, झालावाड़, सलूम्बर व अलवर जिले ऐसे हैं, जहां सात से आठ फीसदी के बीच मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं।

### 9 जिलों में 6 से 7% नाम कटे

**बीकानेर,** भरतपुर, खैरथल- तिजारा, नागौर, दौसा, सीकर, झुंझुनूं, श्रीगंगानगर व डीडवाना-कुचामन जिले ऐसे हैं, जहां 6 से 7 फीसदी के बीच मतदाताओं के नाम कट गए हैं।

### 7 जिलों में 5 से 6% नाम कटे

जालोर, बालोतरा, चूरू, धौलपुर, फलोदी, डीग, हनुमानगढ़

### सर्वाधिक नाम यहां कटे

| जिला | नाम कटे | प्रतिशत |
|---|---|---|
| जोधपुर | 257831 | 11.20 |
| जयपुर | 5,36,276 | 11.12 |
| कोटा | 159788 | 10.43 |
| अजमेर | 152684 | 10.13 |
| सिरोही | 85596 | 10.03 |
| उदयपुर | 195748 | 9.97 |
| भीलवाड़ा | 168197 | 8.76 |
| पाली | 125549 | 8.30 |
| बांसवाड़ा | 117259 | 8.15 |
| डूंगरपुर | 89771 | 8.14 |
| ब्यावर | 71343 | 8.14 |

### यहां सबसे कम कटे

| | | |
|---|---|---|
| कोट.-बहरोड़ | 48532 | 4.98 |
| करौली | 54808 | 4.80 |
| जैसलमेर | 23420 | 4.75 |
| बाड़मेर | 47669 | 3.96 |

## दावे-आपत्ति पेश करने में कांग्रेस से आगे भाजपा

**विशेष** गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के आधार पर जारी प्रारूप मतदाता सूचियों में नाम जुड़वाने व कटवाने के लिए दावे एवं आपत्तियां पेश करने में अभी भाजपा, कांग्रेस से आगे है। नाम जुड़वाने के लिए राजनीतिक दलों की ओर से 46 दावे पेश किए गए हैं, जिनमें से 35 भाजपा, 9 कांग्रेस और दो भारत आदिवासी पार्टी की ओर से पेश किए हैं। इसके अलावा भाजपा और कांग्रेस ने एक-एक नाम पर आपत्ति जताते हुए दो नामों को हटवाने का आग्रह किया है। मतदाता सूचियों में नाम जुड़वाने के लिए 2 लाख 19 हजार 674 युवाओं के आवेदन पहले से ही विचाराधीन हैं।

### विधायक का आरोप

**दौसा @ पत्रिका.** एसआइआर प्रक्रिया पर दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा ने कहा कि उपचुनाव में केवल दौसा सीट पर बीजेपी हारी थी, ऐसे में सर्वाधिक 20 हजार से अधिक वोट दौसा विधानसभा क्षेत्र से कम किए हैं।

FIRST INDIA

19 December 2025

# 2 objections, 46 claims as SIR draft voter list released

First India Bureau

Jaipur



**28307 youth have applied to get their names added to the voter list by filling Form-6 and declaration forms**

After the successful completion of the first phase (counting phase) of Special Intensive Revision (SIR) 2026 in Rajasthan by the Election Commission of India, the draft voter list was published on December 16. Chief Electoral Officer Naveen Mahajan informed that this list is available on the website of CEO Rajasthan https://election.rajasthan.gov.in/ and the DEO concerned.

Mahajan stated that the list of voters whose names are not in the draft list has been provided to all political parties for ease of verification. More than one lakh booth-level agents nominated by all political parties are also participating in SIR. Mahajan said that all the political parties together have filed 46 claims and two objections for adding names of eligible voters and deleting names of ineligible voters from Dec 17 (3 pm) to Dec 18 (3 pm).

Mahajan has appealed to all eligible voters to register their names in the electoral roll. Young citizens who will attain the age of 18 years on April 1, July 1 or October 1 can also apply in advance through Form-6.

# नव मतदाताओं के पंजीकरण को लेकर क्लस्टर कैंपों का होगा आयोजन

रायसिंहनगर| विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए क्लस्टर कैंपों का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम सुभाषचंद्र चौधरी ने बताया कि राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार कोई भी पात्र मतदाता न छूटे की संकल्पना के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समाज के वंचित वर्गों एवं समाज की मूलधारा में जुड़ने से शेष वर्गों पर विशेष जोर देते हुए समावेशी मतदाता पंजीकरण का लक्ष्य प्राप्त किया जाना है। एसआईआर 2026 के तहत 15 जनवरी तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। 1 जनवरी 2026 को जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण होगी ऐसे नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए 22 व 23 दिसंबर को स्कूल एवं महाविद्यालय में क्लस्टर कैंप आयोजित किए जाएंगे। 29 दिसंबर को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से मतदाताओं को जोड़ने को लेकर अभियान चलाया जाएगा।

## अब तक 46 दावे व 2 आपत्तियां, हैल्पलाइन 1950 पर सम्पर्क

# 28307 युवाओं ने मतदाता बनने के लिये पंजीकरण आवेदन किया

**श्रीगंगानगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के पहले चरण(गणना चरण) के सफल समापन के उपरांत 16 दिसंबर, को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि यह सूची सीईओ राजस्थान एवं संबधित डीईओ की वेबसाइट पर उपलब्ध है, साथ ही राजस्थान के सभी 41 जिला निर्वाचन अधिकारी, 199 विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्गठन उपरान्त बने 61136 बूथों की प्रारूप मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी साझा की जा चुकी है। महाजन ने बताया कि जिन निर्वाचकों के नाम 16 दिसंबर की प्रारूप सूची में नहीं है, उनकी सूची सभी राजनैतिक दलों को जांच की सुगमता के लिये दे दी गयी है।



सभी राजनैतिक दलों द्वारा नामित 1 लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट्स भी इस विशेष गहन पुनरीक्षण में हिस्सा ले रहे हैं। महाजन ने बताया कि सभी राजनैतिक दलों ने मिलकर, 17 दिसंबर से 18 दिसंबर तक योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने और अयोग्य मतदाताओं का नाम हटाने के लिए ह्य46 दावे और 2 आपत्तियां दर्ज की हैं तथा 28307 युवाओं ने फार्म -6 एवं घोषणा पत्र भर कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया हैं।

### नव मतदाता पंजीकरण हेतु अपील

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी योग्य मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। दिनांक 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले भारतीय नागरिक, जो संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सामान्य निवासी हों तथा किसी अन्य स्थान की मतदाता सूची में पंजीकृत न हों, वे नव मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वे युवा नागरिक जो 1 अप्रैल, 1 जुलाई अथवा 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हैं, वे भी फॉर्म-6 के माध्यम से अग्रिम आवेदन कर कर सकते हैं। मतदाता पंजीकरण से संबंधित किसी भी जानकारी या सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान द्वारा सभी योग्य नागरिकों से अनुरोध है कि वे समय पर पंजीकरण कर अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करें।

# 28307 युवाओं ने मतदाता बनने हेतु पंजीकरण हेतु आवेदन किया

**जयपुर/ श्रीगंगानगर, 18 दिसंबर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के पहले चरण(गणना चरण) के सफल समापन के उपरांत 16 दिसंबर, 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन ने बताया कि यह सूची सीईओ राजस्थान एवं संबधित डीईओ की वेबसाइट पर उपलब्ध है, साथ ही राजस्थान के सभी 41 जिला निर्वाचन अधिकारी, 199 विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्गठन उपरान्त बने 61136 बूथों की प्रारूप मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी साझा की जा चुकी है। श्री महाजन ने बताया कि जिन निर्वाचकों के नाम 16 दिसंबर की प्रारूप सूची में नहीं है, उनकी सूची सभी राजनैतिक दलों को जांच की सुगमता के लिये दे दी गयी है। सभी राजनैतिक दलों द्वारा नामित 1 लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट्स भी इस विशेष गहन पुनरीक्षण में हिस्सा ले रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी योग्य मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। दिनांक 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले भारतीय नागरिक, जो संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सामान्य निवासी हों तथा किसी अन्य स्थान की मतदाता सूची में पंजीकृत न हों, वे नव मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वे युवा नागरिक जो 1 अप्रैल, 1 जुलाई अथवा 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हैं, वे भी फॉर्म-6 के माध्यम से अग्रिम आवेदन कर कर सकते हैं।

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण में 46 दावे एवं 2 आपत्तियां दर्ज

**नवज्योति/बाड़मेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के पहले चरण (गणना चरण) के सफल समापन के उपरांत 16 दिसंबर, 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिका नवीन महाजन ने बताया कि यह सूची सीईओ राजस्थान https://election.rajasthan.gov.in एवं संबधित डीईओ की वेबसाइट पर उपलब्ध है। साथ ही राजस्थान के सभी 41 जिला निर्वाचन अधिकारी, 199 विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्गठन उपरान्त बने 61136 बूथों की प्रारूप मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी साझा की जा चुकी है।

महाजन ने बताया कि जिन निर्वाचकों के नाम 16 दिसंबर की प्रारूप सूची में नहीं है, उनकी सूची सभी राजनैतिक दलों को जांच की सुगमता के लिए दे दी गई है। सभी राजनैतिक दलों द्वारा नामित 1 लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट्स भी इस विशेष गहन पुनरीक्षण में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी राजनैतिक दलों ने मिलकर, 17 दिसंबर (3 पीएम) से 18 दिसंबर (3 पीएम) तक योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने और अयोग्य मतदाताओं का नाम हटाने के लिए 46 दावे और 2 आपत्तियां दर्ज की हैं तथा 28307 युवाओं ने फार्म-6 एवं घोषणा पत्र भर कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया हैं।

**नव मतदाता पंजीकरण हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अपील:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी योग्य मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। दिनांक 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले भारतीय नागरिक, जो संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सामान्य निवासी हों तथा किसी अन्य स्थान की मतदाता सूची में पंजीकृत न हों, वे नव मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वे युवा नागरिक जो 1 अप्रैल, 1 जुलाई अथवा 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हैं, वे भी फॉर्म-6 के माध्यम से अग्रिम आवेदन कर कर सकते हैं।

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026

## 17 दिसंबर (3 पीएम) से 18 दिसंबर (3 पीएम) तक 46 दावे एवं 2 आपत्तियां

### 28307 युवाओं ने मतदाता बनने हेतु पंजीकरण हेतु आवेदन किया

### नव मतदाता पंजीकरण हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अपील

### पुनर्गठन के बाद बने नए मतदान केन्द्रों को देखना हुआ आसान

**मरुलहर न्यूज**

**बाड़मेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के पहले चरण(गणना चरण) के सफल समापन के उपरांत 16 दिसंबर, 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन ने बताया कि यह सूची सीईओ राजस्थान एवं संबधित डीईओ की वेबसाइट पर उपलब्ध है, साथ ही राजस्थान के सभी 41 जिला निर्वाचन अधिकारी, 199 विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्गठन उपरान्त बने 61136 बूथों की प्रारूप मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी साझा की जा चुकी है।

श्री महाजन ने बताया कि जिन निर्वाचकों के नाम 16 दिसंबर की प्रारूप सूची में नहीं है, उनकी सूची सभी राजनैतिक दलों को जांच की सुगमता के लिये दे दी गयी है। सभी राजनैतिक दलों द्वारा नामित 1 लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट्स भी इस विशेष गहन पुनरीक्षण में हिस्सा ले रहे हैं। श्री महाजन ने बताया कि सभी राजनैतिक दलों ने मिलकर, 17 दिसंबर (3 पीएम) से 18 दिसंबर (3 पीएम) तक योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने और अयोग्य मतदाताओं का नाम हटाने के लिए 46 दावे और 2 आपत्तियां दर्ज की हैं। तथा 28307 युवाओं ने फार्म-6 एवं घोषणा पत्र भर कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया हैं।

**नव मतदाता पंजीकरण हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अपील**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी योग्य मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। दिनांक 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले भारतीय नागरिक, जो संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सामान्य निवासी हों तथा किसी अन्य स्थान की मतदाता सूची में पंजीकृत न हों, वे नव मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वे युवा नागरिक जो 1 अप्रैल, 1 जुलाई अथवा 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हैं, वे भी फॉर्म-6 के माध्यम से अग्रिम आवेदन कर कर सकते हैं।

**आवेदन की प्रक्रिया**

नव मतदाता पंजीकरण के लिए ऑनलाइन एवं ऑफ्लाइन दोनों माध्यम उपलब्ध हैं।

**ऑनलाइन माध्यम**

आवेदक इसीआइ-नेट एप डाउनलोड कर मोबाइल नंबर एवं ओटीपी के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। इसके पश्चात वोटर सर्विस सेक्शन में जाकर वोटर रजिस्ट्रेशन विकल्प के अंतर्गत फॉर्म-6 एवं घोषणा-पत्रभर सकते हैं। इसके अलावा वोटर्स पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर से साइनअप कर न्यू वोटर रजिस्ट्रेशन टैब के माध्यम से फॉर्म-6 एवं घोषणा-पत्र भरा जा सकता है।

**ऑफ्लाइन माध्यम**

आवेदक अपने क्षेत्र के बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) से फॉर्म-6 एवं घोषणा-पत्र प्राप्त कर उसे भरकर जमा कर सकते हैं। यह फॉर्म से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

मतदाता पंजीकरण से संबंधित किसी भी जानकारी या सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

**पुनर्गठन के बाद बने नए मतदान केन्द्रों में ऐसे खोजें अपना नाम**

पुनर्गठन से पहले भागों की संख्या-52469

पुनर्गठन के बाद भागों की संख्या-61404

कुल नए भाग बनाए गए - 8935

मतदान केंद्रों के पुनर्गठन के बाद, एसआइआर-2026 की प्रारूप मतदाता सूची में सभी मतदाताओं की भाग संख्या और क्रम संख्या बदल गई हैं और ये गणना प्रपत्र में उल्लेखित भाग और क्रम संख्याओं से मेल नहीं खाती हैं। एसआइआर-2026 में नवीनतम भाग संख्या और क्रम संख्या जानने के लिए मतदाता अब अपने इपीक नंबर का उपयोग करते हुए इसीआइ-नेटऐप या वोटर्स सर्विस पोर्टल पर अपने विवरण देख सकते हैं।

# एसआइआर को लेकर बीएलओ बैठक में चर्चा



**तनावड़ा @ पत्रिका.** ग्राम तनावडा में एसआइआर को लेकर बीएलओ की बैठक आयोजित की गई। मतदान बूथ,ग्राम पंचायत मुख्यालय व सार्वजनिक जगह पर एएसडी की लिस्ट चस्पा की गई। बैठक में बीएलओ सोमाराम पंवार, रंजना वैष्णव, मोहन राम गूगरवाल, सुल्तान खान, ओमाराम पिंडेल, सुरेश पिंडेल, कानाराम मोटडा, मुकेश गोदारा, दिनेश व किशनलाल पंवार ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# फोटोयुक्त मतदाता सूचियां बूथों पर चस्पा



**डांगियावास @ पत्रिका.** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन-पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूचियां बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की ओर से जनप्रतिनिधियों, बीएलए और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संबंधित बूथों पर चस्पा की गई। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जालेली चम्पावता में स्थित बूथ भाग संख्या 36 पर फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूचियों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर बीएलए बाबूलाल, हीरालाल इमरतलाल, मनीष ढाका, आंगनवाड़ी वर्कर सोहनी और कविता उपस्थित रहे।

# बोरुन्दा में एसआइआर के तहत मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित

**बोरुन्दा @ पत्रिका.** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) कार्यक्रम के तहत बिलाड़ा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बोरुन्दा के भाग संख्या 187 से 197 तक 11 भागों की मतदाता सूचियों का ड्राफ्ट प्रकाशित कर दिया गया है। इस अभियान में मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित तथा एकाधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं के नाम हटाए गए, जबकि नए मतदाताओं को जोड़ने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। बूथ लेवल अधिकारी एवं पर्यवेक्षक व्याख्याता भेरूलाल पटेल ने बताया कि बोरुन्दा उप तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रामलाल भांबू के निर्देशन में एसआइआर से पहले कुल 11,942 मतदाता पंजीकृत थे। गणना चरण में 11,002 मतदाताओं के प्रपत्र प्राप्त हुए, जिन्हें प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किया गया। वहीं 940 मतदाताओं के प्रपत्र विभिन्न कारणों से प्राप्त नहीं हो सके, जिनमें मृत और स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 15 जनवरी 2026 तक प्रारूप मतदाता सूचियों पर दावे और आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। पात्र नागरिक वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर सर्विस पोर्टल या संबंधित बीएलओ के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। सभी प्रक्रियाओं के पूर्ण होने के बाद 15 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

## बोरुन्दा क्षेत्र के ताजा आंकड़े

**एसआइआर से पहले मतदाता:** 11,942

**एसआइआर में कटे नाम:** 940

**अब सूची में नाम:** 11,002

**मौत के कारण हटे:** 202

**अनुपस्थिति के कारण हटे:** 69

**स्थानांतरित होने पर हटे:** 600

**डबल वोटर होने पर हटे:** 69

**अन्य कारणों से हटे:** 0

## एसआईआर प्रक्रिया

# शुक्रवार तक 46 दावे और दो आपत्तियां

**ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के राजस्थान में एसआईआर प्रक्रिया के पहले गणना चरण के समापन के बाद 16 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि यह सूची सीईओ राजस्थान वेबसाइट एवं संबधित डीईओ की वेबसाइट पर उपलब्ध है। साथ ही राजस्थान के सभी 41 जिला निर्वाचन अधिकारी, 199 विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्गठन बाद बने 61136 बूथों की प्रारूप मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी साझा की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जिन निर्वाचकों के नाम 16 दिसंबर की प्रारूप सूची में नहीं है, उनकी सूची सभी राजनैतिक दलों को जांच की सुगमता के लिए दे दी है। सभी राजनैतिक दलों ने मिलकर 17 दिसंबर (तीन बजे) से 18 दिसंबर(तीन बजे) तक योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने और अयोग्य मतदाताओं का नाम हटाने के लिए 46 दावे और 2 आपत्तियां दर्ज की हैं तथा 28307 युवाओं ने फार्म-6 एवं घोषणा पत्र भर कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया हैं।

नव मतदाता पंजीकरण के लिए महाजन की अपीलः महाजन ने सभी योग्य मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची में अपना नाम जरूर दर्ज कराएं। 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले भारतीय नागरिक, जो संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सामान्य निवासी हों तथा किसी अन्य स्थान की मतदाता सूची में पंजीकृत न हों, वे नव मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षणः दो दिन में 46 दावे एवं 2 आपत्तियां

# नव मतदाता पंजीकरण के लिए युवाओं ने किया आवेदन

■ दैनिक जलतेदीप, जयपुर

■ नव मतदाता पंजीकरण के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अपील

■ पुनर्गठन के बाद बने नए मतदान केन्द्रों को देखना हुआ आसान

■ अप्रैल, 1 जुलाई अथवा 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हैं, वे भी फॉर्म-6 के माध्यम से अग्रिम आवेदन कर कर सकते हैं

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के पहले चरण( गणना चरण ) के सफल समापन के उपरांत 16 दिसंबर, 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि यह सूची सीईओ राजस्थान एवं संबधित डीईओ की वेबसाइट पर उपलब्ध है, साथ ही राजस्थान के सभी 41 जिला निर्वाचन अधिकारी, 199 विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्गठन



उपरान्त बने 61136 बूथों की प्रारूप मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी साझा की जा चुकी है।

महाजन ने बताया कि जिन निर्वाचकों के नाम 16 दिसंबर की प्रारूप सूची में नहीं है, उनकी सूची सभी राजनैतिक दलों को जांच की सुगमता के लिये दे दी गयी है। सभी राजनैतिक दलों द्वारा नामित 1 लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट्स भी इस विशेष गहन पुनरीक्षण में हिस्सा ले रहे हैं। महाजन ने बताया कि सभी राजनैतिक दलों ने मिलकर, 17 दिसंबर से 18 दिसंबर तक योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने और अयोग्य मतदाताओं का नाम हटाने के लिए '46 दावे और 2 आपत्तियां दर्ज की हैं। तथा 28307 युवाओं ने फार्म -6 एवं घोषणा पत्र भर कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी योग्य मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। दिनांक 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले भारतीय नागरिक, जो संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सामान्य निवासी हों तथा किसी अन्य स्थान की मतदाता सूची में पंजीकृत न हों, वे नव मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वे युवा नागरिक जो 1 अप्रैल, 1 जुलाई अथवा 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हैं, वे भी फॉर्म-6 के माध्यम से अग्रिम आवेदन कर कर सकते हैं।

# एसआईआर को लेकर आने लगे दावे और आपत्तियां

- दो दिन में 46 दावे, 2 आपत्तियां, 28307 युवाओं ने मतदाता के लिए किया पंजीकरण

जयपुर, 18 दिसंबर (विसं): एसआईआर प्रोग्राम के तहत पुनरीक्षण कार्य के पहले चरण के बाद प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद दावे-आपत्तियों का दौर शुरू हो गया है। दो दिन में आयोग के पास 46 दावे व 2 आपत्तियां पहुंची हैं। वहीं 28307 युवाओं ने मतदाता बनने हेतु पंजीकरण हेतु आवेदन किया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि यह सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है, साथ ही राजस्थान के सभी 41 जिला निर्वाचन अधिकारी 199 विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्गठन उपरांत बने 61136 बूथों की प्रारूप मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी साझा की जा चुकी है। महाजन ने बताया कि जिन निर्वाचकों के नाम 16 दिसंबर की प्रारूप सूची में नहीं है, उनकी सूची सभी दलों को जांच की सुगमता के लिये दे दी है। सभी दलों द्वारा नामित 1 लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट्स भी इस एसआईआर में हिस्सा ले रहे हैं। 28307 युवाओं ने फार्म -6 एवं घोषणा पत्र भर कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया हैं। नव मतदाता पंजीकरण के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम उपलब्ध हैं। मतदाता पंजीकरण से संबंधित किसी भी जानकारी या सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

## वोटर्स बनने का मौका

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी योग्य मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले भारतीय नागरिक, जो संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सामान्य निवासी हों तथा किसी अन्य स्थान की मतदाता सूची में पंजीकृत न हों, वे नव मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वे युवा नागरिक जो 1 अप्रैल, 1 जुलाई अथवा 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले है, वे भी फॉर्म-6 के माध्यम से अग्रिम आवेदन कर सकते हैं।

**एसआइआर : बड़े जिलों में सबसे ज्यादा नाम कटे, सीमावर्ती जिलों में कम**

# शुद्धीकरण या साइलेंट स्ट्राइक

# 5 जिलों के 10% वोटर बाहर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. एसआइआर में मतदाताओं के नाम पर सबसे अधिक कैंची जोधपुर और जयपुर सहित पांच जिलों में चली, जहां अलग-अलग कारणों से 10 फीसदी से अधिक मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। इसके विपरीत बाड़मेर-जैसलमेर सहित चार जिले ऐसे हैं, जहां पांच फीसदी से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।

जिन जिलों में सबसे अधिक नाम कटे हैं, उनमें जोधपुर-जयपुर जैसे बड़े जिले हैं। उधर, जिलों में नाम कटने का अनुपात कम रहा, उनमें दूरदराज के बाड़मेर-जैसलमेर जिले हैं तो जयपुर और अलवर जिलों से अलग होकर बना कोटपूतली-बहरोड़ जिला भी शामिल है। निर्वाचन विभाग के अनुसार मतदाताओं के जिंदा नहीं होने, स्थायी रूप से अन्यत्र पलायन कर जाने या एसआइआर के दौरान तीन बार बूथ लेवल अधिकारी को घर पर नहीं मिलने या मतदाता का दो जगह नाम होने जैसे कारणों से मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, जिसे निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों का शुद्धीकरण का नाम दिया है।



**सवाल ?**

1. अन्यत्र बस जाने का प्रमाण क्या है?
2. कैसे माना गया कि बीएलओ तीन बार घर गया?

### अब भी विकल्प है

जिन मतदाताओं का नाम गलती से नाम कट गया है वे अपने दावे-आपत्तियां पेश कर सकते हैं।

### ऐसे बनें सजग मतदाता

मतदाता अपने क्षेत्र की सूचियां चेक कर अपना नाम सुनिश्चित कर लें।

### 10 जिलों में 7 से 8% नाम कटे

**सवाईमाधोपुर**, प्रतापगढ़, टोंक, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, बूंदी, बारां, झालावाड़, सलुम्बर व अलवर जिले ऐसे हैं, जहां सात से आठ फीसदी के बीच मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं।

### 9 जिलों में 6 से 7% नाम कटे

**बीकानेर**, भरतपुर, खैरथल- तिजारा, नागौर, दौसा, सीकर, झुंझुनूं, श्रीगंगानगर व डीडवाना-कुचामन जिले ऐसे हैं, जहां 6 से 7 फीसदी के बीच मतदाताओं के नाम कट गए हैं।

### 7 जिलों में 5 से 6% नाम कटे

जालोर, बालोतरा, चूरू, धौलपुर, फलोदी, डीग, हनुमानगढ़

### सर्वाधिक नाम यहां कटे

| जिला | नाम कटे | प्रतिशत |
|---|---|---|
| जोधपुर | 257831 | 11.20 |
| जयपुर | 5,36,276 | 11.12 |
| कोटा | 159788 | 10.43 |
| अजमेर | 152684 | 10.13 |
| सिरोही | 85596 | 10.03 |
| उदयपुर | 195748 | 9.97 |
| भीलवाड़ा | 168197 | 8.76 |
| पाली | 125549 | 8.30 |
| बांसवाड़ा | 117259 | 8.15 |
| डूंगरपुर | 89771 | 8.14 |
| ब्यावर | 71343 | 8.14 |

### यहां सबसे कम कटे

| | | |
|---|---|---|
| कोट.-बहरोड़ | 48532 | 4.98 |
| करौली | 54808 | 4.80 |
| जैसलमेर | 23420 | 4.75 |
| बाड़मेर | 47669 | 3.96 |

## दावे-आपत्ति पेश करने में कांग्रेस से आगे भाजपा

**विशेष** गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के आधार पर जारी प्रारूप मतदाता सूचियों में नाम जुड़वाने व कटवाने के लिए दावे एवं आपत्तियां पेश करने में अभी भाजपा, कांग्रेस से आगे है। नाम जुड़वाने के लिए राजनीतिक दलों की ओर से 46 दावे पेश किए गए हैं, जिनमें से 35 भाजपा, 9 कांग्रेस और दो भारत आदिवासी पार्टी की ओर से पेश किए हैं। इसके अलावा भाजपा और कांग्रेस ने एक-एक नाम पर आपत्ति जताते हुए दो नामों को हटवाने का आग्रह किया है। मतदाता सूचियों में नाम जुड़वाने के लिए 2 लाख 19 हजार 674 युवाओं के आवेदन पहले से ही विचाराधीन हैं।

### विधायक का आरोप

**दौसा @ पत्रिका.** एसआइआर प्रक्रिया पर दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा ने कहा कि उपचुनाव में केवल दौसा सीट पर बीजेपी हारी थी, ऐसे में सर्वाधिक 20 हजार से अधिक वोट दौसा विधानसभा क्षेत्र से कम किए हैं।

Scanned with CamScanner

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026

## 17 दिसंबर (3 पीएम) से 18 दिसंबर (3 पीएम) तक 46 दावे एवं 2 आपत्तियां

### 28307 युवाओं ने मतदाता बनने हेतु पंजीकरण हेतु आवेदन किया

### नव मतदाता पंजीकरण हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अपील

### पुनर्गठन के बाद बने नए मतदान केन्द्रों को देखना हुआ आसान

**मरुलहर न्यूज**

**बाड़मेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के पहले चरण(गणना चरण) के सफल समापन के उपरांत 16 दिसंबर, 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन ने बताया कि यह सूची सीईओ राजस्थान एवं संबधित डीईओ की वेबसाइट पर उपलब्ध है, साथ ही राजस्थान के सभी 41 जिला निर्वाचन अधिकारी, 199 विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्गठन उपरान्त बने 61136 बूथों की प्रारूप मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी साझा की जा चुकी है।

श्री महाजन ने बताया कि जिन निर्वाचकों के नाम 16 दिसंबर की प्रारूप सूची में नहीं है, उनकी सूची सभी राजनैतिक दलों को जांच की सुगमता के लिये दे दी गयी है। सभी राजनैतिक दलों द्वारा नामित 1 लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट्स भी इस विशेष गहन पुनरीक्षण में हिस्सा ले रहे हैं। श्री महाजन ने बताया कि सभी राजनैतिक दलों ने मिलकर, 17 दिसंबर (3 पीएम) से 18 दिसंबर (3 पीएम) तक योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने और अयोग्य मतदाताओं का नाम हटाने के लिए 46 दावे और 2 आपत्तियां दर्ज की हैं। तथा 28307 युवाओं ने फार्म-6 एवं घोषणा पत्र भर कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया हैं।

**नव मतदाता पंजीकरण हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अपील**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी योग्य मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। दिनांक 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले भारतीय नागरिक, जो संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सामान्य निवासी हों तथा किसी अन्य स्थान की मतदाता सूची में पंजीकृत न हों, वे नव मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वे युवा नागरिक जो 1 अप्रैल, 1 जुलाई अथवा 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हैं, वे भी फॉर्म-6 के माध्यम से अग्रिम आवेदन कर कर सकते हैं।

**आवेदन की प्रक्रिया**

नव मतदाता पंजीकरण के लिए ऑनलाइन एवं ऑफ्लाइन दोनों माध्यम उपलब्ध हैं।

**ऑनलाइन माध्यम**

आवेदक इसीआइ-नेट एप डाउनलोड कर मोबाइल नंबर एवं ओटीपी के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। इसके पश्चात वोटर सर्विस सेक्शन में जाकर वोटर रजिस्ट्रेशन विकल्प के अंतर्गत फॉर्म-6 एवं घोषणा-पत्रभर सकते हैं। इसके अलावा वोटर्स पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर से साइनअप कर न्यू वोटर रजिस्ट्रेशन टैब के माध्यम से फॉर्म-6 एवं घोषणा-पत्र भरा जा सकता है।

**ऑफ्लाइन माध्यम**

आवेदक अपने क्षेत्र के बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) से फॉर्म-6 एवं घोषणा-पत्र प्राप्त कर उसे भरकर जमा कर सकते हैं। यह फॉर्म से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

मतदाता पंजीकरण से संबंधित किसी भी जानकारी या सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

**पुनर्गठन के बाद बने नए मतदान केन्द्रों में ऐसे खोजें अपना नाम**

पुनर्गठन से पहले भागों की संख्या- 52469

पुनर्गठन के बाद भागों की संख्या- 61404

कुल नए भाग बनाए गए - 8935

मतदान केंद्रों के पुनर्गठन के बाद, एसआइआर-2026 की प्रारूप मतदाता सूची में सभी मतदाताओं की भाग संख्या और क्रम संख्या बदल गई हैं और ये गणना प्रपत्र में उल्लेखित भाग और क्रम संख्याओं से मेल नहीं खाती हैं। एसआइआर-2026 में नवीनतम भाग संख्या और क्रम संख्या जानने के लिए मतदाता अब अपने इपीक नंबर का उपयोग करते हुए इसीआइ-नेटऐप या वोटर्स सर्विस पोर्टल पर अपने विवरण देख सकते हैं।

Scanned with CamScanner

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण में 46 दावे एवं 2 आपत्तियां दर्ज

**नवज्योति/बाड़मेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के पहले चरण (गणना चरण) के सफल समापन के उपरांत 16 दिसंबर, 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिका नवीन महाजन ने बताया कि यह सूची सीईओ राजस्थान https://election.rajasthan.gov.in एवं संबधित डीईओ की वेबसाइट पर उपलब्ध है। साथ ही राजस्थान के सभी 41 जिला निर्वाचन अधिकारी, 199 विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्गठन उपरान्त बने 61136 बूथों की प्रारूप मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी साझा की जा चुकी है।

महाजन ने बताया कि जिन निर्वाचकों के नाम 16 दिसंबर की प्रारूप सूची में नहीं है, उनकी सूची सभी राजनैतिक दलों को जांच की सुगमता के लिए दे दी गई है। सभी राजनैतिक दलों द्वारा नामित 1 लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट्स भी इस विशेष गहन पुनरीक्षण में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी राजनैतिक दलों ने मिलकर, 17 दिसंबर (3 पीएम) से 18 दिसंबर (3 पीएम) तक योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने और अयोग्य मतदाताओं का नाम हटाने के लिए 46 दावे और 2 आपत्तियां दर्ज की हैं तथा 28307 युवाओं ने फार्म-6 एवं घोषणा पत्र भर कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया हैं।

**नव मतदाता पंजीकरण हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अपील:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी योग्य मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। दिनांक 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले भारतीय नागरिक, जो संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सामान्य निवासी हों तथा किसी अन्य स्थान की मतदाता सूची में पंजीकृत न हों, वे नव मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वे युवा नागरिक जो 1 अप्रैल, 1 जुलाई अथवा 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हैं, वे भी फॉर्म-6 के माध्यम से अग्रिम आवेदन कर कर सकते हैं।

Scanned with CamScanner

# मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम: क्लस्टर कैंपों का होगा आयोजन

## जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

ओम एक्सप्रेस



**बीकानेर।** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। इस दौरान मतदाताओं और नव मतदाताओं के पंजीकरण के लिए क्लस्टर कैंपों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नम्रता वृष्णि ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 22 और 23 दिसंबर को जिले के समस्त राजकीय और निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय को क्लस्टर बनाते हुए शिविरों का आयोजन होगा। इसमें स्कूल और कॉलेज के ईएलसी नोडल तथा कार्यकारी समिति कैंपस एंबेसडर, एनसीसी और एनएसएस के वालंटियर भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने बताया कि स्कूल और कॉलेज ईएलसी को क्लस्टर बनाते हुए जिले के विशेष विद्यालयों और आवासीय विद्यालय एवं पीडब्ल्यूडी वोटर्स के लिए कार्यरत सीएसओ, एनजीओ और पंचायती राज संस्थाओं में 29 दिसंबर को शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिला स्तरीय तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भागीदारी निभाएंगे। वृष्णि ने बताया कि इसी क्रम में ट्रांसजेंडर वोटर्स के लिए डेरों, हवेलियों और ट्रांसजेंडर वोटर्स के निवास स्थान पर डोर-टू-डोर सर्वे कार्य के लिए क्लस्टर कैंप 6 जनवरी को आयोजित किया जाएगा।

वही पीवीजीटी, डिनोटिफाइड, नोमेडिक और सेमी नोमेडिक ट्राइब्स के लिए संबंधित एआरओ द्वारा चिन्हित स्थानों पर 6 जनवरी को यह शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जेंडर रेशो बढ़ाने के लिए महिला क्लस्टर कैंप का आयोजन 10 जनवरी को जिले के समस्त मतदान केंद्रों पर किया जाएगा। इनमें महिलाओं और नव विवाहित महिलाओं की भागीदारी रहेगी। इन शिविरों में सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, राजीविका के स्वयं सहायता समूह, ग्राम विकास अधिकारी नगर निगम और नगर पालिका के कार्मिक, बीएलओ और सुपरवाइजर मौजूद रहेंगे।

दैनिक भास्कर
बीकानेर ज़िला 19-12-2025

# मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रमः क्लस्टर कैंपों का होगा आयोजन

## जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए निर्देश

सिटी रिपोर्टर | बीकानेर

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। इस दौरान मतदाताओं और नव मतदाताओं के पंजीकरण के लिए क्लस्टर कैंपों का आयोजन किया जाएगा।



इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 22 और 23 दिसंबर को जिले के समस्त राजकीय और निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय को क्लस्टर बनाते हुए शिविरों का आयोजन होगा। इसमें स्कूल और कॉलेज के ईएलसी नोडल तथा कार्यकारी समिति कैंपस एंबेसडर, एनसीसी और एनएसएस के वालंटियर भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने बताया कि स्कूल और कॉलेज ईएलसी को क्लस्टर बनाते हुए जिले के विशेष विद्यालयों और आवासीय विद्यालय एवं पीडब्ल्यूडी वोटर्स के लिए कार्यरत सीएसओ, एनजीओ और पंचायती राज संस्थाओं में 29 दिसंबर को शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिला स्तरीय तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भागीदारी निभाएंगे। वृष्णि ने बताया कि इसी क्रम में ट्रांसजेंडर वोटर्स के लिए डेरों, हवेलियों और ट्रांसजेंडर वोटर्स के निवास स्थान पर डोर-टू-डोर सर्वे कार्य के लिए क्लस्टर कैंप 6 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। वही पीवीजीटी, डिनोटिफाइड, नोमेडिक और सेमी नोमेडिक ट्राइब्स के लिए संबंधित एआरओ द्वारा चिन्हित स्थानों पर 6 जनवरी को यह शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जेंडर रेशो बढ़ाने के लिए महिला क्लस्टर कैंप का आयोजन 10 जनवरी को जिले के समस्त मतदान केंद्रों पर किया जाएगा। इनमें महिलाओं और नव विवाहित महिलाओं की भागीदारी रहेगी। इन शिविरों में सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, राजीविका के स्वयं सहायता समूह, ग्राम विकास अधिकारी नगर निगम और नगर पालिका के कार्मिक, बीएलओ और सुपरवाइजर मौजूद रहेंगे। इस दौरान अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक मनीष, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार यादव, उपखंड अधिकारी महिमा कसाना, अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) रमेश देव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रमः क्लस्टर कैंपों का होगा आयोजन

## जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



ओम एक्सप्रेस

**बीकानेर।** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। इस दौरान मतदाताओं और नव मतदाताओं के पंजीकरण के लिए क्लस्टर कैंपों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नम्रता वृष्णि ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 22 और 23 दिसंबर को जिले के समस्त राजकीय और निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय को क्लस्टर बनाते हुए शिविरों का आयोजन होगा। इसमें स्कूल और कॉलेज के ईएलसी नोडल तथा कार्यकारी समिति कैंपस एंबेसडर, एनसीसी और एनएसएस के वालंटियर भागीदारी निभाएंगे।

उन्होंने बताया कि स्कूल और कॉलेज ईएलसी को क्लस्टर बनाते हुए जिले के विशेष विद्यालयों और आवासीय विद्यालय एवं पीडब्ल्यूडी वोटर्स के लिए कार्यरत सीएसओ, एनजीओ और पंचायती राज संस्थाओं में 29 दिसंबर को शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिला स्तरीय तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भागीदारी निभाएंगे। वृष्णि ने बताया कि इसी क्रम में ट्रांसजेंडर वोटर्स के लिए डेरों, हवेलियों और ट्रांसजेंडर वोटर्स के निवास स्थान पर डोर-टू-डोर सर्वे कार्य के लिए क्लस्टर कैंप 6 जनवरी को आयोजित किया जाएगा।

